नामांक Roll No. | Question Booklet No.

No. of Questions – 18

No. of Printed Pages – 11

**SS-18-Home Science**

# उच्च माध्यमिक पूरक परीक्षा, 2026

# SENIOR SECONDARY SUPPLEMENTARY EXAMINATION, 2026

## गृह विज्ञान

## HOME SCIENCE

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट**

**पूर्णांक : 56**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :***

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

   Candidate must write first his/her Roll No. on the question paper compulsorily.

2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

   **All** the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

   Write the answer to each question in the given answer-book only.

4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

5) प्रश्न-पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपांतर में किसी प्रकार की त्रुटि / अंतर / विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को सही मानें ।

If there is any error / difference / contradiction in Hindi and English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

6) प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।

Write down the serial number of the question before attempting it.

7) प्रश्न क्रमांक **14** से **18** में आन्तरिक विकल्प हैं ।

There are internal choices in Question Nos. **14** to **18**.

## खण्ड – अ

## SECTION – A

1. बहुविकल्पी प्रश्न – निम्न प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चयन कर उत्तर पुस्तिका में लिखिए ।
Multiple Choice Questions Answer – The following questions by selecting the correct option and write in answer sheet.

i) के. जी. बी. वी. क्या है ? [½]

अ) कस्तूरबा गांधी बधिर विद्यालय

ब) कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय

स) कस्तूरबा गांधी बाल भवन

द) उपरोक्त में से कोई नहीं

What is K. G. B. V. ?

A) Kasturba Gandhi Badhir School

B) Kasturba Gandhi Baalika Vidyaalay

C) Kasturba Gandhi Bal Bhavan

D) None of the above

ii) वार्ली चित्रकला कठपुतली शिल्प किस राज्य से सम्बन्धित है ? [½]

अ) महाराष्ट्र ब) मध्यप्रदेश

स) राजस्थान द) गुजरात

Warli puppet craft belongs to which state ?

A) Maharashtra B) Madhya Pradesh

C) Rajasthan D) Gujarat

iii) पोषण का विशिष्ट क्षेत्र, जो बीमारी के समय के पोषण से संबंधित है [½]

अ) नैदानिक पोषण ब) अतिपोषण

स) निम्न पोषण द) कुपोषण

A specialized area of nutrition that deals with nutrition during illness

A) Clinical nutrition B) Over nutrition

C) Under nutrition D) Malnutrition

iv) चिरकालिन रोग का उदाहरण नहीं है [½]

अ) ज्वर　　ब) हृदय रोग
स) मधुमेह　　द) अतितनाव

This is not an example of chronic disease

A) Fever　　B) Heart diseases
C) Diabetes　　D) Excessive stress

v) फार्मूलाबद्ध खाद्य पदार्थ नहीं है [½]

अ) डबलरोटी　　ब) केक
स) बिस्कुट　　द) जैम

Formula food does not include

A) Bread　　B) Cake
C) Biscuit　　D) Jam

vi) कौन-सा खाद्य अविकार्य श्रेणी में आता है ? [½]

अ) दूध　　ब) गेहूँ
स) प्याज　　द) मछली

Which food item falls into the non-perishable category ?

A) Milk　　B) Wheat
C) Onion　　D) Fish

vii) समेकित बाल विकास सेवाओं के अन्तर्गत आती है [½]

अ) पुलिस थाना　　ब) पोस्ट ऑफिस
स) आंगनवाड़ी　　द) बैंक

It falls under the integrated Child Development Services

A) Police Station　　B) Post Office
C) Anganwadi　　D) Bank

viii) एस. ओ. एस. घर में बच्चों की देखभाल के लिए होती हैं ? [½]

अ) माँ　　ब) सेविका
स) प्रबन्धक　　द) सरकारी कर्मचारी

In SOS homes, who provides care for children ?

A) Mother　　B) Assistant
C) Manager　　D) Government Servent

ix) किस उम्र के बच्चे को 'टॉडलर' कहा जाता है ? [½]

अ) 10 से 12 बर्ष　　ब) 6 माह तक

स) 7 से 10 वर्ष　　द) 1 से 3 वर्ष

What age group of children are called 'toddlers' ?

A) 10 to 12 years　　B) Upto 6 months

C) 7 to 10 years　　D) 1 to 3 years

x) जहाँ कानून का उल्लंघन करने वाले 18 वर्ष से कम आयु के किशोरों को हिरासती देख–रेख में रखा जाता है [½]

अ) प्रेक्षण गृह　　ब) विशेष गृह

स) बालगृह　　द) उपरोक्त सभी

The place where children below 18 years who violate laws are kept under custody and supervision

A) Observation homes　　B) Special homes

C) Children's home　　D) All of the above

xi) वे रंग जो किन्हीं अन्य रंगों को मिलाने से नहीं बनते है [½]

अ) उदासीन रंग　　ब) माध्यमिक रंग

स) द्वितीयक रंग　　द) प्राथमिक रंग

Those colours which are not formed by mixing any other colours

A) Neutral colours　　B) Intermediated colours

C) Secondary colours　　D) Primary colours

xii) डिजाइन का तत्व है [½]

अ) संतुलन　　ब) अनुपात

स) रंग　　द) आवर्तिता

Element of design is

A) Balance　　B) Proportion

C) Colours　　D) Rhythm

xiii) अतिथि चक्र की प्रथम अवस्था है [½]

अ) सत्कार　　ब) आगमन पूर्व

स) प्रस्थान　　द) इनमें से कोई नहीं

It is the first stage of the Guest Cycle

A) Occupancy　　B) Before Arrival

C) Departure　　D) None of these

xiv) होटल में अतिथियों से भुगतान लेने का उत्तरदायित्व किस कर्मचारी का है ? [½]

अ) स्वागती
ब) प्रमुख कार्यालय पर्यवेक्षक
स) प्रमुख कार्यालय प्रबंधक
द) प्रमुख कार्यालय कोषाध्यक्ष

Which staff member in the hotel is responsible for collecting payment from guests ?

A) Receptionist
B) Front office supervisor
C) Front office manager
D) Front office cashier

xv) विभिन्न फल व सब्जी उत्पादों की गुणवत्ता से संबंधित है [½]

अ) वूलमार्क
ब) हॉलमार्क
स) एफ. पी. ओ.
द) आई. एस. आई. मार्क

It relates to the quality of various fruit and vegetable products

A) Wool mark
B) Hall mark
C) FPO
D) ISI mark

xvi) वस्तुओं को खरीदते समय उपभोक्ताओं की अपेक्षा है [½]

अ) अधिक कीमत
ब) प्रमाणित उत्पाद
स) अप्रमाणित उत्पाद
द) मिलावटी उत्पाद

Consumers have expectations when buying products

A) Higher price
B) Certified product
C) Uncertified product
D) Adulterated product

xvii) रेड रिबन एक्सप्रेस कहाँ से चालू हुई ? [½]

अ) कन्याकुमारी
ब) हिमाचल
स) आन्ध्रप्रदेश
द) राजस्थान

Where does the Red Ribbon Express start from ?

A) Kanyakumari
B) Himachal
C) Andhra Pradesh
D) Rajasthan

xviii) निम्न में से कौन–सा जनसंचार माध्यम नहीं है ? [½]

अ) रेडियो
ब) टेलीविजन
स) अखबार
द) व्यक्तिगत सम्पर्क

Which of the following is not mass communication medium ?

A) Radio
B) Television
C) Newspaper
D) Personal contact

**2.** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :
Fill in the blanks :

i) कार्य वह तेल है जो समाज रूपी मशीन के लिए ____________ का काम करता है । **[½]**

Work is the oil that act as ____________ for the machine of the society.

ii) सकल घरेलू उत्पाद के योगदान के आधार पर विश्व में भारत का ____________ स्थान है । **[½]**

India ranks ____________ in the world in terms of Gross Domestic Product Contribution.

iii) वे सूक्ष्मजीव जो खाद्य से संबंधित होते है और रोग उत्पन्न करते हैं ____________ कहलाते है । **[½]**

The micro-organisms that are associated with food and cause disease are called ____________.

iv) समाज के संवेदनशील समूह ____________, युवा और ____________ है । **[½]**

The vulnerable group of society are ____________, youth and ____________.

v) राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना ऐसे वृद्धों के लिए बनी है जिन्हें ____________ माना जाता है । **[½]**

The National Old Age Pension Scheme is designed for those elderly people who are considered ____________.

vi) ह्यू रंग का सामान्य ____________ है । **[½]**

Hue is a common ____________ of colour.

vii) घरेलू स्तर पर अधिकांश धुलाई ____________ से की जाती है । **[½]**

At the household level, most washing is done by ____________.

viii) ____________ विभाग अतिथियों के खोए हुए सामान को जमा करने का कार्य करता है । **[½]**

The ____________ department collects lost items from guests.

ix) शुद्ध रेशम पर ____________ का चिन्ह लगा होता है । [½]

Pure silk is marked with the sign of ____________.

x) रेडियो तथा टेलीविजन सर्वाधिक लोकप्रिय, सस्ते तथा सुविधाजनक ____________ माध्यम है । [½]

Radio and television are the most popular, cheap and convenient ____________ media.

**3.** अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न : निम्न प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक पंक्ति में दीजिए ।

Very Short Answer Type Question : Answer the following question in one word or one line.

i) सुकार्यिकी का एक लाभ लिखिए । **[1]**

Write one advantage of Ergonomics.

ii) नियमित आहार क्या है ? **[1]**

What is a regular diet ?

iii) आर. डी. ए. का पूरा नाम लिखिए । **[1]**

Write the full form of R. D. A.

iv) शिशु देखभाल केन्द्र (क्रेच) क्या है ? **[1]**

What is a Day Care Center (Crech) ?

v) राष्ट्रीय मानक किस संगठन के द्वारा निकाले जाते हैं ? **[1]**

Which organization issues national standards ?

vi) मारिया मॉन्टेसरी सिद्धान्तों पर संचालित स्कूल को क्या कहते है ? **[1]**

What is a school that operates on the principles of Maria Montessari called ?

vii) सूती दुपट्टे का उपयोग एक रेशमी कुर्ते और सलवार के साथ कैसा सामंजस्य प्रदर्शित करेगा ? **[1]**

How would a cotton dupatta harmonise with a silk kurta and salwar ?

viii) यदि वस्त्र को अच्छी तरह खंगाला नहीं जाएगा तो वस्त्र पर क्या प्रभाव पड़ेगा ? **[1]**

What will happen to the garment if it is not rinsed properly ?

ix) 'चेक इन' से क्या समझते हैं ? **[1]**

What do understand by 'Check in' ?

x) रेडियो सर्वाधिक सुगम जनसंचार माध्यम कैसे हैं ? **[1]**

How is radio the most accessible mass communication medium ?

## खण्ड – ब

## SECTION – B

लघूत्तरात्मक प्रश्न : (उत्तर शब्द सीमा लगभग **50** शब्द) ।

Short Answer Type Question : (Answer word limit approx **50** words).

**4.** महिला सशक्तिकरण के लिए आप क्या प्रयास करेंगे ? दो सुझाव दीजिए । **[1½]**

What will you do for women empowerment ? Give two suggestions.

**5.** खाद्य संरक्षण का महत्व बताइए । **[1½]**

Explain the importance of food preservation.

**6.** खाद्य पदार्थों के भौतिक संकटों को चित्रबद्ध कीजिए । (केवल छः) **[1½]**

Illustrate the physical hazards of food products. (only six)

**7.** संतुलन के प्रकारों के नाम लिखिए और समझाइए । **[1½]**

Write the name of the types of balance and explain them.

**8.** फैशन डिजाइनर व आंतरिक डिजाइनर में क्या अंतर है स्पष्ट करें । **[1½]**

Explain the difference between a fashion designer and an interior designer.

**9.** फैशन चक्र का चित्र बनाइए । **[1½]**

Draw a diagram of the fashion cycle.

**10.** आतिथ्य उद्योगों के विभागों का चित्रांकन कीजिए । **[1½]**

Describe the departments of the hospitality industry.

**11.** अस्पतालों में धुलाईघर के कार्य करने की प्रक्रिया लिखिए । **[1½]**
Write down the work process of the laundry department in the hospital.

**12.** किन्हीं दो मानक चिन्हों के चित्र बनाइए । **[1½]**
Draw a diagram of any two standard marks.

**13.** पत्रकारिता के लिए किन तकनीकी कौशलों की आवश्यकता होगी ? **[1½]**
What technical skills will be required for journalism ?

## खण्ड – स

## SECTION – C

दीर्घउत्तरीय प्रश्न : (उत्तर शब्द सीमा लगभग **100** शब्द)
Long Answer Type Question : (Answer word limit approx **100** words)

**14.** सामुदायिक पोषण विशेषज्ञ किन–किन क्षेत्रों/परिस्थितियों में कार्य कर सकता है ? **[3]**
In which areas/situation can a community nutritionist work ?

**अथवा**/OR

भारत के लोग किन पोषण संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे हैं ?
What nutritional problems are people in India facing ?

**15.** आप ई. सी. सी. ई. में जीविका के लिए किस प्रकार तैयारी करेंगे ? **[3]**
How do you prepare for a career in E. C. C. E. ?

**अथवा**/OR

आपका मित्र प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहता है । आप उसे इस क्षेत्र में कौन–से जीविका के अवसर बताएंगे ?
Your friend wants to pursue a career in the field of early childhood care and education. What career opportunities would you suggest in this field ?

**16.** उपभोक्ता के रूप में आपके क्या दायित्व है ? **[3]**
What are your responsibilities as a consumer ?

**अथवा**/OR

उपभोक्ता के रूप में विक्रेता और विनिर्माता आपको किस प्रकार ठग रहे हैं ?
How are the sellers and manufacturer cheating you as a consumer ?

## खण्ड – द

## SECTION – D

निबन्धात्मक प्रश्न :

Essay type question :

**17.** बच्चे संवेदनशील क्यों होते हैं ? बच्चों के संस्थानों और कार्यक्रमों के प्रबंधन में कैरियर बनाने के लिए आपको किन कौशलों और जानकारी की आवश्यकता होगी वर्णन करें । **[4]**

Why are children vulnerable ? Describe the skills and knowledge you would need to pursue a career in managing children's institutions and programs.

**अथवा**/OR

वृद्धजन क्यों संवेदनशील होते हैं ? आपके क्षेत्र में क्रियान्वित वृद्धजनों के कार्यक्रमों के बारे में लिखिए ।

Why are the elderly vulnerable ? Write about the programs for the elderly that are being implemented in your area.

**18.** श्रवण कौशल, प्रस्तुतीकरण कौशल, प्रभावी निर्णय लेना और समय प्रबंधन कौशल कैसे आपको अच्छा और प्रभावी संप्रेषक बनाते हैं ? **[4]**

How do listening skill, presentation skill, effective decision-making and time management skill make you a good and effective communicator ?

**अथवा**/OR

आप जनसंपर्क के सिद्धान्तों को कैसे अभ्यास में लेंगे ?

How will you put the principles of public relations into practice ?

DO NOT WRITE ANYTHING HERE